वन-लाइनर्स (8 अगस्त 2021)

- **रेखा शर्मा** को **7 अगस्त 2021** से अगले **तीन वर्षों** के लिए पुन: **राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।
- **तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा संचार (IT,E&C) विभाग** ने Xperience-AI समिट में **'AI गेमचेंजर' पुरस्कार** जीता।
- DRDO के अध्यक्ष **जी. सतीश रेड्डी** ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **दूसरी इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (IEEE) इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेंज टेक्नोलॉजी (ICORT-2021)** का उद्घाटन किया।

- **नागर विमानन मंत्रालय** ने **राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NISER), भुवनेश्वर** को ड्रोन उपयोग की अनुमति दी। इसे **मानवरहित विमान प्रणाली (UAS) नियम, 2021** से छूट प्राप्त है।

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री **आर.के. सिंह** ने वर्चुअल मोड के माध्यम से **'विद्युत क्षेत्र के लिए सुधार एवं नियामकीय ज्ञान आधार'** लॉन्च किया। यह विविध पृष्ठभूमि के पेशेवरों को नियामकीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक ई-प्रमाणन कार्यक्रम है।

- पूर्व भारतीय फुटबॉलर **सुब्रमण्यम शंकर नारायण (86 वर्षीय)** का ठाणे, महाराष्ट्र स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उन्होंने 1956 तथा 1960 के ओलंपिक में भाग लिया।
- भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत (IAC) **विक्रांत** ने कोच्चि से 4 अगस्त से 8 अगस्त 2021 तक अपनी पांच दिवसीय **पहली समुद्री परीक्षण यात्रा** पूरी की।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now